आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.02.2021

एमसीएफ में एडिसनल मेम्बर (उत्पादन इकाई) रेलवे बोर्ड का दौरा।

रेलवे बोर्ड के एडिशनल मेम्बर (उत्पादन इकाई) श्री चेतराम ने दिनांक 05.02.2021 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का दौरा किया । इस दौरान एमसीएफ के सीएओ श्री बीरेन्द्र मुन्दुईया सहित वरिष्ठ अधिकारीगण साथ रहे । श्री चेतराम ने कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी ली।

श्री चेतराम ने कारखाना निरीक्षण के पश्चात महाप्रबंधक एमसीएफ श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के साथ भविष्य की योजनाओं पर गहन विचार विमर्श किया।

निरीक्षण के दौरान यांत्रिक विभाग के द्वारा कारखाना एवं कोच उत्पादन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। श्री चेतराम ने कहा रेलवे बोर्ड द्वारा एमसीएफ को लगातार दो वर्षों से सर्वोत्तम उत्पादन इकाई की शील्ड मिलना एमसीएफ के बेहतर कार्यों को दर्शाता है। इस उपलब्धि के लिए एमसीएफ के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी बधाई के पात्र हैं। इसके पश्चात एडिशनल मेम्बर (उत्पादन इकाई) ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के फोर्ज्ड व्हील प्लांट का भी निरीक्षण किया ।

इस अवसर पर एमसीएफ के पीसीएमएम श्री पी. एन. पाण्डेय, पीसीएससी/आर. पी. एफ. डा. सुरेश कुमार सैनी पीसीपीओ सह पीसीई श्री आर. बी. यादव, सहित प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष, मुख्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण, उपस्थित रहे।

(वी. के. दूबे) 05/02/2021

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी